कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.10.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया

''लड़कियों के अधिकारों में निवेश करें : रेशमा

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। वैश्विक स्तर पर लडकियों के सामने आ रही चुनौतियों की पहचान कर उसका समाधन करना, उन्हें शिक्षित करके स्वस्थ जीवन का अधिकार दिलाने, सशक्तिकरण करने मानवाधिकारों का हनन रोकने तथा एक सुरक्षित समाज का निर्माण करने के उद्देश्य से महिला प्रकोष्ठ द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

पोस्टर प्रदशर्नी एवं सामूहिक चर्चा द्वारा इस गंभीर विषय पर प्रकाश डाला गया। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि बेटियॉ आज भी अपने हक के लिए लड़ रही हैं, उपेक्षा एवं अभावों का सामना कर रही, बालिकाओं के मुद्दे पर विचार करके इनकी भलाई की ओर सक्रिय कदम बढ़ाना गरीबी, संघर्ष, शोषण और भेदभाव का शिकार होती लडकियों की शिक्षा और उनके सपनो को पूरा करने के लिए प्रयास पर केंद्रित करना इसका मुख्य उद्देश्य है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी के अनुसार बालिकाओं को शिक्षित करना हमारा प्रथम दायित्व और नैतिक अनिवार्यता है। शिक्षा से आत्मविश्वास एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता आती है। मनीषा घृतलहरे ने महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ की जानकारी दी। कु0 महक परवीन ने घरेलू हिंसा, भेदभाव एवं यौन उत्पीड़न की चर्चा की। कु0 उमेश्वरी ने ''बीकॉज आई एम ऐ गर्ल'' अभिमान के महत्व को समझाया। कु0 करूणा ने महिला शक्ति को अवसर प्रदान करने पर प्रकाश डाला।

कु0 मुस्कान कुर्रे ने कहा कि बालिकाओं के अधिकारो की सुरक्षा निश्चित करना आवश्यक है। कु0 निधि शाह का विचार है कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और कैरियर के क्षेत्र में समानता और समर्थन प्राप्त होना चाहिए।

शोधार्थी कु0 तब्बसुम अली के अनुसार बालिकाओं के अधिकारों, महत्व एवं योगदान के प्रति समाजिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन कु0 सबिना बेगम एवं धन्यवाद ज्ञापन कु0 श्वेता भटट् ने किया।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

खुशहाल बालिका
भविष्य देशका

Woman Cell
Govt. Dr. W.W.P. Girls P.G. College